हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 9 मार्च 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 17.2 डिग्री

4
स्कूली बसों पर सख्ती, यातायात पुलिस-आरटीओ ने चलाया अभियान



## खबर संक्षेप

### प्रस्तावित कृषि क्रांति एक्सपो स्थगित

जशपुरनगर। कृषि विभाग द्वारा 8 मार्च को आयोजित कृषि क्रांति एक्सपो अपरिहार्य कारणों से अगली सूचना तक स्थगित किया गया है। उक्त कृषि एक्सपो में आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन, नवीन कृषि तकनीकों की जानकारी, कृषि विशेषज्ञों के व्याख्यान, प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं द्वारा कृषि आधारित प्रदर्शनी आयोजित की जानी थी। इस आयोजन का उद्देश्य किसानों को नवीन कृषि तकनीकों से जोड़ते हुए उत्पादन एवं आय में वृद्धि के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के कृषकों को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न किसान प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

### पुलिस भर्ती 2023 के अभ्यर्थियों ने सीएम से लगाई गुहार

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती 2023 के चयनित एवं वेटिंग सूची में शामिल अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री से जॉइनिंग प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग की है। अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में कहा है कि उन्होंने भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत शारीरिक परीक्षा, लिखित परीक्षा तथा अन्य सभी आवश्यक चरणों को सफलतापूर्वक पूर्ण किया है, जिसके बाद उनका चयन हुआ है। अभ्यर्थियों का कहना है कि वर्तमान में न्यायालय में प्रकरण लंबित होने के कारण भर्ती प्रक्रिया प्रभावित हो गई है और चयनित अभ्यर्थियों की जॉइनिंग लंबे समय से रुकी हुई है। इसके साथ ही वेटिंग सूची में शामिल अभ्यर्थियों की प्रक्रिया भी आगे नहीं बढ़ पा रही है, जिससे हजारों युवाओं का भविष्य अनिश्चितता में पड़ गया है। अभ्यर्थियों ने बताया कि इस भर्ती के लिए उन्होंने कई वर्षों तक कठिन परिश्रम और तैयारी की है। जॉइनिंग प्रक्रिया रुकने से वे मानसिक और आर्थिक दबाव का सामना कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि निष्पक्ष प्रक्रिया से चयनित अभ्यर्थियों के साथ न्याय सुनिश्चित किया जाए और भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

### अंतर्राज्यीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम में चयनित हुए चन्द्रा

**जशपुरनगर।** जिले के युवा समाजसेवी और मेरा युवा भारत के राष्ट्रीय स्वयंसेवक सूर्यकांत चन्द्रा, ओम प्रकाश भगत और सौरभ भगत का चयन 12 से 16 मार्च तक मुंबई में होने वाले अंतर राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में हुआ है । जिसमें विभिन्न स्थानों से युवा भाग लेंगे और अपने लोक संस्कृति लोक कला को परिचय देंगे । मेरा युवा भारत जशपुर के उपनिदेशक सुमेधा पवार जी के मार्गदर्शन पर सूर्यकांत चन्द्रा विगत 7 वर्षों से समाज सेवा में लगे हुए हैं ।और युवाओं के हित में अनेको कार्यक्रम जैसे खेल कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम,कौशल प्रशिक्षण, यूथ क्लब का निर्माण ,नशा मुक्ति अभियान ,स्वच्छता अभियान, डिजिटल इंडिया, मिशन लाइफ, पर्यावरण संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम ,पौधारोपण , मेरी माटी मेरा देश आदि विभिन्न कार्यक्रमों में अग्रणी रहकर सहभागिता निभा कर जशपुर के युवाओं को समाज के प्रति और देश के प्रति विकास में भाग लेने हेतु प्रेरित करते रहते हैं। महाराष्ट्र में आयोजित अंतर राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में भाग लेने के पूर्व भी सूर्यकांत चंद्रा ने दिल्ली, गुजरात, बिहार आदि अन्य राज्यों में आयोजित राष्ट्रीय शिविरों में भी भाग लेकर जशपुर का प्रतिनिधित्व किया है और जशपुर को गौरवान्वित करते रहे हैं। उनकी इसी नेत्तृत्व कौशल और समाज सेवा के प्रति लगन को देखते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा में माननीय विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी के द्वारा उन्हें सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक का पुरस्कार भी प्राप्त हो चुका है।

## गायत्री शक्तिपीठ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समारोह

# महिलाओं को सशक्त, शिक्षित और स्वावलंबी बनने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



अखिल विश्व गायत्री परिवार की भगवती महिला मंडल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गायत्री शक्तिपीठ में महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों और उनके योगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी जशपुर कल्पना टोप्पो, सविता मिश्रा, रत्ना गुरु, सगीरा बानो, विमला सिंह, प्रेमा सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस अवसर पर गायत्री परिवार की तूलिका पाठक ने कहा कि गायत्री परिवार की संस्थापिका ममतामयी माता भगवती देवी शर्मा का जन्म शताब्दी समारोह मनाया जा रहा है उसी तारतम्य ने यह कार्यकम भी आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार नारी को केवल घर की धुरी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की सक्रिय शक्ति मानता है। उन्होंने कहा कि माता के रूप में नारी बालक की पहली शिक्षक होती है। वह अपने बच्चों को संस्कार, संस्कृति और जीवन के मूल्य सिखाती है। श्वेता दुबे ने कहा कि ऐतिहासिक रूढ़ियों को तोड़ते हुए गायत्री परिवार ने महिलाओं को गायत्री मंत्र जाप, यज्ञ करने और संस्कार कराने का अधिकार दिया है, जो समानता की दिशा में बड़ा कदम है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कल्पना टोप्पो ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं अबला नहीं, सबला है, यह आज की हकीकत है। शिक्षा, खेल, अंतरिक्ष, और सेना जैसे हर क्षेत्र में उन्होंने अपनी काबिलियत साबित की है। वे सिर्फ घर नहीं संभालतीं, बल्कि आत्मनिर्भर होकर देश की प्रगति में कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। इस दौरान गायत्री परिवार के सप्त सूत्रीय आंदोलन शिक्षा, साधना, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, नारी जागरण, पर्यावरण, कुरीति उन्मूलन पर क्रमशः राजेश्वरी साहू, पार्वती सिंह, लक्ष्मी सिंह, सावित्री पैंकरा, प्रभा सिंह, निद्रावती चौहान, प्रतिमा देवी ने प्रकाश डाला। इस दौरान वंदना तिवारी ने नारी शक्ति को साहस, त्याग, और समर्पण की साक्षात प्रतिमूर्ति बताते हुए सुंदर प्राणदाई कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सविता मिश्रा द्वारा बाल विवाह न करने के लिए सभी को शपथ दिलाई। जशपुर की वरिष्ठ अधिवक्ता सगीरा बानो के द्वारा नारी को सशक्त एवं सहनशील बनकर रहने को कहा साथ ही अपने अधिकार के प्रति जागरूक भी किया एवं उनके कानूनी अधिकारों के बारे में बताया। कार्यक्रम में दीपा गुप्ता द्वारा सत्संकल्प का पाठ कराया गया एवं अंत में रंग पंचमी पर सभी महिलाओं ने गुलाल से होली भी खेला एवं भक्तिमय गीत में नृत्य किया। समारोह में बड़ी संख्या में महिलाए, गायत्री परिवार के कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## समाज के लिए महिलाएं रीढ़ की हड्डी के समान

■ लखपति दीदियों को किया गया सम्मानित



**जशपुरनगर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विकासखंड बागीचा के आजीविका मिशन भवन में महिला बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता शामिल हुए।

महिला समूह की अध्यक्ष संध्या गुप्ता, महिला बाल विकास के सुपरवाइजर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं समाज मे घर चलाने की जिम्मेदारी के साथ साथ अपने परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत करने वाली महिलाएं भी उपस्थित रही। आजीविका मिशन के तहत जुड़कर बगीचा क्षेत्र की चार महिलाएं जो मशरूम, सिलाई, किराना दुकान संचालित कर अपने घर को आर्थिक मजबूती दी है उन महिलाओं को मुख्यातिथि के हाथों पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हमारे मानव समाज के लिए महिलाएं रीढ़ की हड्डी है। महिलाएं घर मे अपनी जिम्मेदारी तो बखूबी निभा ही रही है उसके साथ साथ समाज में भी बराबर की भागीदारी निभा रही हैं। जनपद उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। आप लोगो को एक हजार का महतारी वंदन योजना तो मिल ही रहा है साथ साथ आजीविका मिशन के तहत लखपति दीदी बनाने लोन देकर रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करा रही है।

# नदी के समान गतिशील, सहनशील और जीवनदायिनी हैं महिलाएं

■ महिलाओं और बालिकाओं के लिए अधिकार, न्याय और कार्रवाई पर केन्द्रित उद्देश्य के साथ मनाया गया अंतराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम



**जशपुरनगर।** उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर सत्येन्द्र कुमार साहू के उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में 8 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला एवं सत्र न्यायालय के सभाकक्ष में सभी महिलाओं और बालिकाओं के लिए अधिकार, न्याय और कार्रवाई एवं नारी शक्ति विकसित भारत की नींव शीर्षक के साथ महिला के नेतृत्व वाले विकास, शिक्षा, समानता और सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अधिकार और न्याय के साथ-साथ हर महिला और बालिका के सशक्तिकरण के लिए वास्तविक कार्रवाई वर्ष 2026 के थीम को सार्थक करते हुये मुख्य बिंदु सशक्त नारी सशक्त भारत, समानता और न्याय, आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण, स्वस्थ महिला, समृद्ध राष्ट्र, सामूहिक कार्रवाई (गिव टू गेन) अभियान के अंतर्गत उदारता एवं सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। प्रधान जिला न्यायाधीश सत्येन्द्र कुमार साहू ने अपने सम्बोधन में कहा कि महिला दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं अपितु यह एक समावेशी और न्यायसंगत समाज बनाने के लिए कार्रवाई करने का एक आव्हान है। शिक्षित एवं सशक्त महिलाएं किसी भी प्रगतिशील राष्ट्र की मजबूत नींव है। जब महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सहभागिता प्रदर्शित करती है तथा साहस के साथ नेतृत्व करती है, तो यह समाज को अधिक समावेशी और समृद्ध बनाती है। हमें ऐसे समाज निर्माण की आवश्यकता है, जिसमें महिला को समान अवसर, सम्मान, सुरक्षा एवं स्वतंत्रता मिले। यह दिवस लैंगिक असमानता, कार्यस्थल पर भेदभाव, महिलाओं के खिलाफ हिंसा और शिक्षा एवं अवसरों तक पहुंच जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डालता है। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों, शक्ति और उनके योगदान का सम्मानित करने हेतु अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। कहा जाता है कि एक पुरूष मकान बना सकता है, पर उस मकान को संस्कारों और खुशियों से सजाकर श्घरश में महिला ही बदल पाती है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.) जशपुर जनार्दन खरे द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि पुरुष पर्वत के समान स्थिर, कठोर एवं संरक्षक है, जबकि महिला नदी के समान गतिशील, सहनशील और जीवनदायिनी है। जिस प्रकार नदियां गतिशील एवं प्रवाहशील होकर अपना मार्ग का स्वयं निर्माण कर अंत में समुद्र में विलय हो जाती है, उसी प्रकार स्त्रियां समर्पण, सहनशीलता, संस्कृति और पहचान का हिस्सा बनकर मकान को घर में परिवर्तित करके परिवार में विलीन हो जाती है। उक्त कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर में कार्यरत महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जनार्दन खरे, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.) जशपुर, सरोजनी जनार्दन खरे, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर के अतिरिक्त न्यायाधीश जशपुर सुमन सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जशपुर, कु.श्वेता बघेल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर, क्रांति कुमार सिंह, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी जशपुर, अंकिता यदु, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बगीचा, श्वेता अवस्थी, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी पत्थलगांव, विजय कुमार कौशिक, प्रशासनिक अधिकारी, जिला न्यायालय जशपुर, सु सगीरा बानो, अधिवक्ता जशपुर एवं जिला न्यायालय जशपुर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

### महतारी वंदन योजना से महिलाओं को मिल रहा आर्थिक संबल

**जशपुरनगर।** प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर संचालित महतारी वंदन योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



इस योजना के तहत पात्र महिलाओं के बैंक खातों में प्रतिमाह 1000 रुपये की राशि सीधे अंतरित की जा रही है, जिससे उन्हें अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सहूलियत मिल रही है। योजना से महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। जशपुर जिले के ग्राम झरगांव निवासी प्यारी मांझी को भी महतारी वंदन योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। उनके खाते में प्रत्येक माह मिलने वाली सहायता राशि से वे अपने परिवार की दैनिक आवश्यकताओं को पूरा कर पा रही हैं। इससे उन्हें आर्थिक रूप से सहयोग मिल रहा है और घर की जिम्मेदारियों को निभाने में सुविधा हो रही है। प्यारी मांझी बताती हैं कि शासन की इस योजना से उन्हें नियमित रूप से 1000 रुपये प्राप्त हो रहे हैं, जिससे वे घर के छोटे-मोटे खर्चों के साथ बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में भी मदद कर पाती हैं। इससे उनके परिवार को आर्थिक संबल मिला है और वे स्वयं को अधिक आत्मनिर्भर महसूस कर रही हैं। महतारी वंदन योजना के माध्यम से जिले की पात्र महिलाओं को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता मिल रही है, जिससे वे परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी में सहभागिता निभाते हुए आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

# मुख्यमंत्री साय ने बस्तर से महिलाओं को प्रदान की महतारी वंदन योजना की राशि



■ उत्कृष्ट कार्य करने वाली 21 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को किया गया सम्मानित

**जशपुरनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम कलेक्टर जशपुर रोहित व्यास के मार्गदर्शन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जशपुर मंत्रणा भवन में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय इस कार्यक्रम में जिले के 4 2 3 हितग्राही रहे महिलाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 21 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को मुख्य अतिथि के माध्यम से फल शॉल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना की 20 हितग्राहियों ने महतारी वंदन योजना कि राशि से स्व रोजगार तथा उपयोगिता के संबंध में अपने विचारों को उत्साहपूर्वक साझा किया है।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बस्तर से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में जुड़कर महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों से संवाद किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शंभुनाथ चक्रवती ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं का योगदान हर क्षेत्र में है और उनके सहयोग के बिना हमारा अस्तित्व ही नहीं है आज का दिन उनके लिए समर्पित है उनके योगदान और उनके हर क्षेत्र में उन्नति भी दिखाई देता है कि आज वह देश के राष्ट्रपति से लेकर गांव की पंच तक है। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतीकात्मक रूप से 5 हितग्राहियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर आशीर्वाद दिया । इस अवसर पर , नगर पालिका जशपुर के अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद पंचायत जशपुर के अध्यक्ष गंगाराम भगत राजू गुप्ता, रमाशंकर गुप्ता, नीतू गुप्ता आशुतोष राय जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार,अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू महिला बाल विकास अधिकारी अजय शर्मा, शशि बाई , शैलेंद्र यादव पार्षद फैजान खान विष्णु सोनी सुरागनी भगत विजेता भगत प्रतिमा भगत , जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## प्रतिमा पर माल्यार्पण कर याद किए उनके आदर्श

# कुमार दिलीप सिंह जूदेव की जयंती पर भाजपा नेताओं ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ कुमार साहब का जीवन राष्ट्रवाद और जनसेवा का अद्वितीय उदाहरण : राय

वरिष्ठ जननेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमार दिलीप सिंह जूदेव की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने जूदेव के योगदान को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि कुमार दिलीप सिंह जूदेव भारतीय राजनीति में राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक गौरव और जनसेवा के सशक्त प्रतीक थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज के वंचित, शोषित और विशेषकर आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा तथा उनके सम्मान को स्थापित करने के लिए समर्पित किया। राय ने कहा कि कुमार साहब का व्यक्तित्व न केवल राजनीतिक नेतृत्व का उदाहरण था, बल्कि वह साहस, सादगी और सिद्धांतों के प्रति अटूट निष्ठा के प्रतीक भी थे। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि नई पीढ़ी उनके आदर्शों और मूल्यों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाए।



### सेवा, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा का प्रेरक उदाहरण

माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष शम्भूनाथ चक्रवर्ती ने कहा कि जूदेव जी का जीवन सेवा, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा का प्रेरक उदाहरण है। उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और सम्मान पहुंचाने के लिए लगातार कार्य किया।

### समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण की मिसाल

इस अवसर पर जूदेव परिवार की ओर से उनकी छोटी बहू संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव ने कहा कि कुमार साहब का जीवन समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण की मिसाल है। उनके विचार और आदर्श हमेशा लोगों को प्रेरित करते रहेंगे।

### समाज सेवा और संस्कारों की अमूल्य विरासत

जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जूदेव जी के पोते शौर्य प्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि उनके दादा का जीवन समाज सेवा और संस्कारों की अमूल्य विरासत है। उन्होंने सदैव समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बने रहेंगे।

### राष्ट्र के लिए समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा

नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने कहा कि कुमार साहब का व्यक्तित्व और उनके आदर्श आज भी कार्यकर्ताओं को समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

**इनकी रही उपस्थिति:** जयंती समारोह में प्रतिमा स्थल पर जनपद अध्यक्ष गंगा राम भगत, संतोष सिंह, राजकपूर भगत, देवधन नायक, राजू गुप्ता, दीपक चौहान, रूपेश सोनी, मुकेश सोनी, रामशंकर गुप्ता, शरद चौरसिया, रागिनी भगत, मानू सोनी, सज्जू खान, आशु राय, नागेंद्र भगत, प्रतिमा भगत, नीतू गुप्ता, शैलेन्द्री यादव, विजय सहाय, दीपक सिंह, अभिषेक गुप्ता, सुरेंद्र यादव, रूपेश सिंह, प्रकाश नायक सहित भाजपा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रक्तदान शिविर में शामिल हुए नगरवासी



**जशपुर।** नगर में सामाजिक सेवा की भावना को बढ़ावा देते हुए संवेदना समूह ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बढ़ चढ़कर युवा, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया। शिविर का आयोजन स्व विश्व बंधु शर्मा जी के स्मृति में संवेदना फॉउडेशन समाजसेवी संस्था स्थापना दिवस पर किया गया, जिसमें चिकित्सकों की टीम ने रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया। इस दौरान लोगों को रक्तदान के महत्व और इससे होने वाले लाभों के बारे में भी जागरूक किया गया। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है, इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। शिविर में लगभग 15 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसे जरूरतमंद मरीजों के लिए अस्पताल के ब्लड बैंक में सुरक्षित रखा जाएगा। जिसमें मुख्य रूप से संवेदना संस्था के अध्यक्ष संजय पाठक, उपाध्यक्ष विनोद निकुंज, सुशील पाठक, शशि साहू, सीमा सिंह, शरद साहू, दीपक सिंह, किरण महतो, सीमा गुप्ता आनंद जैन, अनुराधा चौरसिया, उर्मिला कुशवाहा, मोनू साहू, अनुराग यादव एवं अन्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### भाजपा ओबीसी मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की हुई बैठक

**अम्बिकापुर।** भाजपा ओबीसी मोर्चा की जिला कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों की परिचयात्मक बैठक जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के मुख्य आतिथ्य एवं मोर्चा के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार बबलू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में श्री सिसोदिया ने कहा कि प्रदेश और देश में ओबीसी समाज की आबादी के अनुसार नेतृत्व की अपेक्षा युवा और नये कार्यकर्ताओं से अधिक है। जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने कहा कि सारे ओबीसी समाज के नवीन दायित्व प्राप्त पदाधिकारियों को एक होकर के समाज को नयी दिशा प्रदान करने का लक्ष्य रखना चाहिए। मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि उन्होंने भी अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में किया था और आज वे प्रदेश पदाधिकारी का दायित्व निर्वहन कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता बबलू ने कहा कि ओबीसी समाज के प्रत्येक तबके को आगे आना चाहिए और एक बेहतर समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए। बैठक का संचालन मोर्चा के जिला महामंत्री पंकज गुप्ता एवं जिला उपाध्यक्ष श्रवण दास मानिकपुरी तथा आभार प्रदर्शन निशांत गुप्ता मोंटी ने किया। इस दौरान गौतम विश्वकर्मा, राजेन्द्र जायसवाल, जन्मेजय मिश्रा, प्रयाग राज साहू, लक्ष्मी दास मानिकपुरी, सिकन्दर जायसवाल, कमलेश तिवारी, मनोज कंसारी, सोविंद यादव सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ओबीसी महिला सशक्तिकरण के लिए 9 मार्च को दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन

**अम्बिकापुर।** देश में महिलाओं की राजनीतिक और सामाजिक भागीदारी को बढ़ाने की दिशा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस लगातार प्रयासरत है। इसी



क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में ओबीसी कांग्रेस राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ सम्मेलन का आयोजन 9 मार्च को प्रातः 10.30 बजे से कांग्रेस मुख्यालय, इंदिरा भवन, कोटला मार्ग, नई दिल्ली में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में महिला प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। पार्टी के सभी राष्ट्रीय समन्वयकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका इसमें निर्धारित की गई है, जिनकी जिम्मेदारी है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से सक्षम और नेतृत्व योग्य महिलाओं को आगे लाकर उन्हें संगठनात्मक जिम्मेदारियों के लिए प्रस्तावित करें। सम्मेलन के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया 27 फरवरी को पूर्ण हो चुकी है। विभिन्न राज्यों से महिलाओं ने उत्साहपूर्वक अपना पंजीकरण कराया है और बड़ी संख्या में प्रतिभागियों के कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। इसी क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय समन्वयक लक्ष्मी गुप्ता द्वारा भी उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा विशेष रूप से सरगुजा क्षेत्र से महिलाओं का पंजीकरण कराया गया है और वे सभी इस ऐतिहासिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए दिल्ली पहुच रही हैं।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सरगुजा संभाग में महा जनसुनवाई सप्ताह

अम्बिकापुर। महिलाओं को त्वरित न्याय और शिकायतों के शीघ्र निराकरण के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महा जनसुनवाई सप्ताह (8 से 13 मार्च) का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सरगुजा संभाग के लिए 9 मार्च को जिपं सभाकक्ष में महा जनसुनवाई आयोजित की जाएगी, जिसमें संभाग के छह जिलों के कुल 101 प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने बताया कि महिलाओं को त्वरित राहत प्रदान करने के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण पहल की गई है। आयोग द्वारा पिछले साढ़े पांच वर्षों में प्रदेश के विभिन्न जिलों में 370 से अधिक जनसुनवाई आयोजित कर लगभग 8000 से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है।

## बेधड़क होकर 10 सालों से चला रही ऑटो

# गुलाबी गैंग की 22 महिला ऑटो चालक बनीं समाज के लिए प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महिला दिवस विशेष

कभी घर की चारदीवारी एवं रसोई तक कैद रहने वाली महिलाएं अब समाज के लिए प्रेरणा बन गई है। उचित मार्गदर्शन एवं प्रशासन से मिले सहयोग से ये महिलाएं ऑटो चलाकर न केवल आत्मनिर्भर हुई हैं बल्कि आत्मसम्मान के साथ अपना जीवन जी रही हैं। अधिक आय के लिए अब इनके पास समय का भी बंधन नहीं है। दिन हो या रात ये हमेशा अपने काम पर मुस्तैद रहती हैं।

**खास बात**
- मुख्यधारा से जुड़कर बदली परिवार की परिस्थितियां

वर्ष 2015 में तत्कालीन कलेक्टर श्रीमती ऋतु सेन ने घर की चारदीवारी तक सिमटी ऊर्जावान महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। काफी मशक्कत के बाद कुछ महिलाएं आगे आई तो आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के बावजूद परिवार के सदस्य इनके घर के बाहर निकलने का विरोध करने लगे। कुशल मार्गदर्शन मिलने के बाद महिलाओं ने किसी तरह अपने परिवार के सदस्यों को समझाकर शांत कराया। प्रशासन द्वारा इन महिलाओं को ऑटोचालक का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को यह भी बताया गया कि आज महिलाएं सेना में भर्ती होकर अपनी जिम्मेदारी निभा रही हैं वही हवाई जहाज उड़ा रही हैं। महिलाएं ट्रक व कार भी चला रही हैं तथा किसी भी मामले में पुरूषों से कम नहीं है। आपको सम्मान के साथ जीवन जीना है तो हर तरह की परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। ऑटो चालकों को आवश्यकता के अनुसार सूनसान स्थानों से भी गुजरना पड़ता है साथ ही कई बार रात में भी सफर करना पड़ता है। महिला चालकों को सुरक्षा संबंधी समस्या न हो इसलिए उन्हें कराटे का भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशासन ने प्रशिक्षित महिला चालकों को किस्त पर ऑटो भी उपलब्ध कराया। तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने 16 मार्च 2015 के दिन महिला चालकों को ऑटो की चाबी सौंप नए सफर पर रवाना किया था। तब से गुलाबी गैंग की महिला ऑटो चालक लगातार शहर की सड़कों पर ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही है। बरसात हो या फिर चिलचिलाती गर्मी या फिर रात का समय गुलाबी गैंग का ऑटो हर समय सफर के लिए तैयार रहता है। गुलाबी गैंग की महिला चालकों की एकता भी एक मिसाल है। किसी भी महिला चालक के साथ किसी ने बदसलूकी करने की हिम्मत की तो पलक झपकते ही अन्य महिला चालक पहुंच जाती हैं। आज गुलाबी गैंग की महिला चालकों से प्रेरित होकर अन्य महिलाएं भी शहर में ई-रिक्शा चला रही है।




सवारियों से भरी ऑटो चलाती गैंग की महिला चालक।

### अब हो रही सराहना

गुलाबी गैंग की लीडर अजिरमा निवासी श्रीमती गीता सिंह बताती है कि प्रारम्भ में गैंग की सभी सदस्यों को परिवार के सदस्यों एवं रिश्तेदारों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा था। बाद में जब ग्रुप की महिलाएं चर्चा में आई तथा आय में वृद्धि होने पर परिवार की आर्थिक स्थिति सदृढ होने लगी तो विरोध करने वाले रिश्तेदार उनकी सराहना करने लगे। अपनी मेहनत से गुलाबी गैंग की सभी महिला चालकों के पास स्वयं की ऑटो है। वाहनों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि होने के कारण आय में कमी आई है लेकिन खुशी है कि सभी महिला सदस्य आत्मनिर्भर हैं तथा अपने बच्चों को अच्छी तरह पढ़ा-लिखा रही हैं।

#### 22 महिलाएं भर रही फर्राटे

8 महिला चालकों से शुरू हुए गुलाबी गैंग की सदस्यों की संख्या अब 22 हो गई हैं। सभी महिला ऑटो चालक निर्भय होकर अपनी जिम्मेदारी का कुशलता पूर्वक निर्वहन कर रही है। गुलाबी गैंग की महिला चालकों से प्रेरित होकर शहर की अन्य महिलाएं भी आज घर-घर से कचरा प्रबंधन, ऑटो स्टैण्ड, वाहन पार्किंग की जिम्मेदारी संभाल रही है।



## चोरी के मामले में पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

बतौली में बीती रात राष्ट्रीय राजमार्ग 43 किनारे राजेश स्वीट्स के संचालक राजेश गुप्ता के घर चोरों ने घर में घुस कर नगदी समेत लगभग 5 लाख के जेवरात चोरी करने की घटना में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवकों के पास से चोरी के जेवरात व नकदी बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार झरगवां बतौली निवासी राजेश गुप्ता शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे अपने घर में ताला लगाकर परिवार सहित बाहर गया था। रात 10 बजे घर आया तो देखा कि घर के सामने चैनल गेट एवं दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। बेडरूम में जाकर देखा तो दो चोर अलमारी को तोड कर पैसा एवं जेवर निकाल रहे थे जिसे देख राजेश गुप्ता रूम को सामने से बंद कर घर से बाहर निकल लोगो को सहायता के लिए बुला रहा था। इसी बीच दोनों चोर खिड़की के तरफ से निकल कर घर के पीछे तरफ का दरवाजा तोड़कर भाग गए। मकान मालिक अंदर जाकर जेवर एवं पैसा का मिलान किया तो नगदी समेत लगभग 5 लाख कीमत के जेवरात गायब थे। घटना की रिपोर्ट राजेश गुप्ता ने थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। डॉग स्क्वायड सहित पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया। डॉग स्क्वायड एवं पुलिस टीम के सतत प्रयास से घर पर ही 5 लाख के जेवर घर में बरामद किया साथ ही देवरी डुमरपारा निवासी विवेक मरावी आ. विक्रम मरावी (21 वर्ष) व मुकेश मरावी आ. धनीराम मरावी (20 वर्ष) को हिरासत लेकर पूछताछ किया तो दोनों ने घर में चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपियों के पास से नकदी सहित जेवरात बरामद किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी विवेक सेंगर, साइबर सेल प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक संजय गुप्ता, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, जयदीप सिंह, आरक्षक जितेश साहू, मनीष सिंह, डॉग स्क्वायड सहित अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय रहे।



### वाहन चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली का आरोप, युवा कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**शंकरगढ़।** पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली किए जाने के आरोप को लेकर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के बाद युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बृजेश यादव ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि थाना शंकरगढ़ पुलिस द्वारा धारा 185 के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों, बिना हेलमेट वाहन चालकों और वाहनों के दस्तावेजों की जांच के नाम पर क्षेत्र के लोगों से लगातार पैसे की अवैध वसूली की जा रही है। कई मामलों में नियम के अनुसार कार्रवाई करने के बजाय लोगों से पैसे लेकर उन्हें छोड़ दिया जाता है, जिससे क्षेत्र के लोग आर्थिक रूप से परेशान हो रहे हैं और लोगों में आक्रोश है। युवा कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, हीरालाल यादव, संतोष इंजीनियर, धीरजन उरांव, रुपेश यादव, लिदु लकड़ा, दीपक बुनकर, ओसपाल यादव, सुनील पैकरा, आशीष यादव, जैद हसन, उमेश भास्कर, रीकेश यादव, राजू यादव, देवनारायण मरावी, मुकेश यादव, हेमंत यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर केआर कॉलेज में प्रेरक संवाद श्रृंखला

**अंबिकापुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर के आर टेक्निकल कॉलेज के आईक्यूएसी एवं महिला सशक्तिकरण समिति के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रितेश वर्मा के निर्देशन 1 से 7 मार्च तक विशेष प्रेरक संवाद श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस विशेष पहल के अंतर्गत महाविद्यालय के शिक्षकों और छात्राओं के चार दल बनाए गए, जिन्होंने अंबिकापुर तथा आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं से उनके कार्यस्थलों पर जाकर संवाद किया और उनके जीवन की प्रेरणादायक यात्राओं को संकलित किया।



प्राचार्य डॉ. रितेश वर्मा ने कहा कि इस संवाद श्रृंखला के माध्यम से छात्राओं को समाज में कार्यरत उन महिलाओं से मिलने और उनके अनुभवों से सीखने का अवसर मिला, जिन्होंने अपने जीवन में अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए सफलता प्राप्त की है। ऐसी प्रेरणादायक कहानियां छात्राओं में आत्मविश्वास, साहस और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने कहा कि के आर टेक्निकल कॉलेज सदैव नारी सम्मान, समानता और महिला सशक्तिकरण के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। संवाद श्रृंखला के अंतर्गत जिन प्रमुख महिलाओं से संवाद किया गया उनमें अंबिकापुर की महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, अधिवक्ता श्रीमती विधि अग्रवाल, ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की विद्या दीदी, के आर टेक्निकल कॉलेज की निदेशक डॉ. रीनू जैन, अरिहंत हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अंजु गोयल, समाज सेविका सुश्री वंदना दत्ता, संरक्षण अधिकारी श्रीमती सुलेखा कश्यप, सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रियंका सिंह चंदेल, श्रीमती हर्षा केशरवानी, सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक डॉ. आशा शर्मा, श्रीमती पप्पी शुक्ला, ग्राम पंचायत सचिव श्रीमती रुक्मणी पटेल, डेयरी संचालिका श्रीमती कल्पना घोष, ऑटो चालक श्रीमती उषा तथा संजय नगर की सरपंच श्रीमती सोमारी देवी शामिल रहीं। इस संवाद श्रृंखला के दौरान सभी महिलाओं ने छात्राओं को शिक्षा प्राप्त करने, आत्मनिर्भर बनने और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया।

## साल के पेड़ से टकराई कार युवक की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

विकासखंड रामचंद्रपुर अंतर्गत ग्राम चाकी के ग्रामीण होली खेलकर पड़ोसी गांव लावा से वापस लौट रहे थे, तभी लावा रोड पर गुरुवार शाम करीब 4 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ग्लेंजा कार अनियंत्रित होकर साल के पेड़ से टकरा गई।

- पांच गंभीर घायल

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार मालिक प्रेम यादव (26 वर्ष) की सीने और सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में कार में सवार गणेश यादव (40 वर्ष), इंद्र यादव (35 वर्ष), चंद्रिका यादव (22 वर्ष) और पुष्पराज यादव उर्फ लाल बाबू (30 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायल ग्राम चाकी के निवासी बताए जा रहे हैं। घायलों में तीन आपस में चचेरे भाई हैं। घटना के



तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को 100 बिस्तर अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर सभी को बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि सभी युवक नजदीकी गांव में होली खेलने गए थे और वापस अपने गांव लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही 100 बिस्तर अस्पताल में जिला पंचायत के पूर्व सभापति राजेश यादव, किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री जसवंत सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव व्यास मुनि यादव समेत अन्य लोग पहुंचे। मृतक प्रेम यादव ग्राम चाकी का ही निवासी था। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल निर्मित हो गया है।

## बंद खदान की झील में डूबने से 15 वर्षीय किशोर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

एसईसीएल की बंद पड़ी खदान में बनी गहरी नीली झील में डूबने से 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस, डीडीआरएफ और एसईसीएल के बचाव दल ने संयुक्त अभियान चलाकर कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किशोर का शव झील से बाहर निकाला।

- कई घंटे बाद झील से निकाला गया शव

भटगांव के बी-टाइप कॉलोनी निवासी विकास ठाकुर आ. स्व. सुखविलास ठाकुर (15 वर्ष) होली के दिन दोपहर करीब 3.30 बजे घर से निकला था। परिजन के अनुसार वह दोस्तों के साथ बाहर जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। जैसे-जैसे समय बीतता गया, परिजन की चिंता बढ़ती गई। परिवार के लोगों ने कई बार उसके मोबाइल पर कॉल किया, लेकिन केवल घंटी बजती रही और किसी ने फोन रिसीव नहीं किया। देर रात तक किशोर का कोई सुराग नहीं मिलने पर परिवार ने भटगांव पुलिस थाना में सूचना दी। सूचना मिलते ही भटगांव पुलिस सक्रिय हो गई। थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी ने तत्परता दिखाते हुए साइबर टीम की मदद से किशोर के मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कराई।

मोबाइल की लोकेशन एसईसीएल की बंद खदान में बनी नीली झील के पास मिली। लोकेशन मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पुलिस ने आसपास के क्षेत्र की तलाश शुरू की, जहां झील के किनारे किशोर के कपड़े पड़े मिले। जब पुलिस और स्थानीय लोगों ने झील के भीतर देखा तो शव नजर आया। हालांकि झील की गहराई काफी अधिक होने और अंधेरा हो जाने के कारण उसी समय शव को बाहर निकालना संभव नहीं हो सका। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने तत्काल डीडीआरएफ और एसईसीएल के बचाव दल को सूचना दी और अगले दिन सुबह रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने का निर्णय लिया गया। दूसरे दिन कड़ी मशक्कत के बाद शव बाहर निकाला गया।

## श्रवणबाधित दिव्यांगजनों के लिए अब छग में भी जारी होगा ड्राइविंग लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लंबे समय से अपने अधिकारों और समानता अवसर की प्रतीक्षा कर रहे श्रवणबाधित दिव्यांगजनों के लिए राहत भरी खबर है,अब छत्तीसगढ़ राज्य में भी सामान्य नागरिकों की तरह श्रवणबाधित दिव्यांगजन वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त कर सकेंगे,भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली की स्वीकृति के बाद यह महत्वपूर्ण निर्णय लागू किया गया है, जिससे प्रदेश के हजारों दिव्यांगजनों के लिए आत्मनिर्भरता की नई राह खुलेगी।

इस संबंध में सरगुजा ज्ञानोदय एसोसिएशन के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने बताया कि कार्यालय परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य के सभी वरिष्ठ क्षेत्रीय, क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय और जिला परिवहन अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इन निर्देशों के तहत प्रदेशभर में विशेष परीक्षण एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें श्रवणबाधित दिव्यांगजनों को वाहन चलाने की क्षमता और कौशल का परीक्षण किया जाएगा,उन्होंने बताया कि मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 7 और 8 के तहत श्रवणबाधित आवेदकों का ड्राइविंग कौशल परीक्षण किया जाएगा,यदि वे वाहन चलाने के लिए सक्षम और योग्य पाए जाते हैं, तो उन्हें विधिवत ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया जाएगा। साथ ही उनके वाहनों पर एक विशेष चिन्ह भी लगाया जाएगा, जिससे सड़क पर उनकी अलग पहचान हो सके और अन्य वाहन चालक भी सतर्क रह सकें। उन्होंने बताया कि विश्व के कई विकसित देशों में श्रवणबाधित लोगों को वाहन चलाने की अनुमति पहले से दी जा रही है। दरअसल वाहन चलाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका दृश्य संकेतों की होती है। सड़क किनारे लगे ट्रैफिक संकेत, लाइट और दिशा सूचक चिह्नों को देखकर श्रवणबाधित व्यक्ति भी सुरक्षित तरीके से वाहन चला सकता है। इसी आधार पर अब भारत में भी इस दिशा में सकारात्मक पहल की गई है। बताया गया कि ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए श्रवणबाधित व्यक्तियों को सरकारी अधिकृत डॉक्टर से फॉर्म 1-ए में मेडिकल प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

## अनोखी सोच संस्था ने असहाय महिला का कराया अंतिम संस्कार

**अम्बिकापुर।** मानवता और संवेदनशीलता की एक मार्मिक मिसाल उस समय देखने को मिली जब अनोखी सोच संस्था ने एक असहाय और गरीब महिला का पूरे विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार कराया। संस्था हमेशा से ऐसे लोगों के अंतिम संस्कार का दायित्व उठाती रही है जिनका इस दुनिया में कोई सहारा नहीं होता।

जानकारी के अनुसार लुण्ड्रा थाना अंतर्गत ग्राम चितरपुर डूमरडीह निवासी यशोदा गुप्ता (32 वर्ष) का उपचार विगत दो दिनों से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा था। गंभीर बीमारी से जूझ रही यशोदा गुप्ता ने 7 मार्च को अंतिम सांस ली। यशोदा गुप्ता विधवा थीं और अपने दो छोटे बच्चों गणेश गुप्ता (10 वर्ष) और मनीष गुप्ता (5 वर्ष) के साथ अपने पिता के घर रह रही थीं। परिवार अत्यंत गरीब



स्थिति में जीवन यापन कर रहा था। बच्चों के पिता का साया पहले ही उनके सिर से उठ चुका था और अब मां के निधन के बाद दोनों मासूम बच्चे पूरी तरह अनाथ हो गए। महिला की मृत्यु के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर थी कि उनके पास अंतिम संस्कार करने के लिए न पर्याप्त लोग थे और न ही कोई संसाधन। ऐसी कठिन परिस्थिति में मेडिकल कॉलेज में कार्यरत एक नर्स ने उन्हें अनोखी सोच संस्था से संपर्क करने की सलाह दी। इसके बाद संस्था के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू से संपर्क किया गया। सूचना मिलते ही संस्था के सदस्य तुरंत आगे आए और मृतिका यशोदा गुप्ता का पूरे विधि-विधान और धार्मिक परंपराओं के अनुसार अंतिम संस्कार कराया। दाह संस्कार के दौरान जो दृश्य सामने आया वह बेहद भावुक कर देने वाला था। सिर्फ 10 साल का मासूम बेटा गणेश गुप्ता अपनी मां की चिता को काँपते हाथों से मुखाग्नि दे रहा था। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें भर आईं। अंतिम संस्कार के दौरान संस्था के सदस्य प्रकाश साहू, मोती ताम्रकर, संजू चटर्जी सुनील साहू, अजय ताम्रकार, रूपेश बेहेरा, समित मुंडा, देव साहू, ननकु मुंडा, बिट्टू मिश्रा,गजानंद साहू, निशांत जायसवाल, गोपी साहू, रोहित सिंह, गुड्डू, लाला साहू, सौरभ दास, अजय साहू, नीरज साहू, मनोज अग्रवाल, सत्यम साहू, विकास, अंशु पाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## हौसले की उड़ान-सीएसआईआर नेट में 33वीं रैंक लाकर निधि ने रोशन किया जिले का नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जब हम उन महिलाओं की बात करते हैं जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सपनों को जीवित रखा, तो जिले की बेटी निधि गुप्ता का नाम स्वाभाविक रूप से सामने आता है। शासकीय विद्यालय की पढ़ाई से लेकर देश की प्रतिष्ठित परीक्षा में शीर्ष रैंक तक उनका सफर संघर्ष, संकल्प और सफलता की एक अनूठी गाथा है।



निधि की प्रारंभिक शिक्षा जिले के शासकीय कन्या विद्यालय में हुई। संसाधनों की कमी एक वास्तविकता थी, पढ़ाई के दौरान कई उतार-चढ़ाव भी आए लेकिन निधि ने कभी हौसला नहीं खोया। मज़बूत इरादों के आगे हर बाधा बौनी साबित होती रही। स्नातकोत्तर की पढ़ाई के लिए उन्होंने शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय, में प्रवेश लिया, जहां के प्रोफेसरों ने उनके जीवन को एक नई दिशा दी। रसायन विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. विकेश कुमार झा का मार्गदर्शन उनके जीवन का अहम मोड़ बना। उनकी प्रेरणा और दिशा-निर्देशन से निधि ने देश की अत्यंत कठिन सीएसआईआर नेट परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 33वां रैंक अर्जित किया और सूरजपुर का नाम रोशन किया।

### सैनिक स्कूल में कैडेट्स एवं शिक्षकों ने खेली होली

**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल में होली का पर्व परंपरा और अनुशासन के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। शिक्षकों एवं छात्रों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की खुशियां मनाई। होली की पूर्व संध्या पर बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक होलिका दहन किया गया। इस दौरान प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती, उप-प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल पी श्रीनिवास, प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर सहित सभी कैडेट, स्टाफ तथा उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे। अगले दिन सोमनाथ स्टेडियम में प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती के आगमन उपरांत अधिकारियों ने कैडेट्स एवं स्टाफ ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया वहीं कैडेट्स ने होली गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया।



# जॉन की 'फोर्स 3' में हर्षवर्धन राणे की हुई एंट्री

**मुंबई।** जॉन अब्राहम की फिल्म 'फोर्स' और 'फोर्स 2' 2011 और 2016 में रिलीज हुई थी। अब निर्माता इसकी तीसरी कड़ी लेकर आ रहे हैं जिसमें हर्षवर्धन राणे भी आधिकारिक तौर पर शामिल हो गए हैं। इस खबर ने उनके फैंस को खुश होने का बड़ा मौका दे दिया है। दिलचस्प बात यह है कि 'फोर्स 3' में अपने होने की पुष्टि हर्षवर्धन ने सोशल मीडिया पर खुद की है। साथ ही, फिल्म के सेट एक वीडियो भी साझा किया है। हर्षवर्धन ने गुजरात में 'फोर्स 3' की शूटिंग शुरू कर दी है। इससे पहले, उन्होंने इंस्टाग्राम पर मुहूर्त पूजा का एक वीडियो साझा किया है जिसमें वह शूटिंग शुरू करने से पहले भगवान का आशीर्वाद लेते।

## लाइफ Style



# दिव्या

## 'चिरैया' सीरीज का दमदार ट्रेलर जारी

दिव्या दत्ता सिनेमा का वो चेहरा हैं, जो अपने अभिनय के दम पर दिल और दिमाग में छाप छोड़ जाती हैं। फिर वह कुछ ऐसा करते दिखाई देंगी, लेकिन इस बार उन्होंने भारतीय समाज के सबसे संवेदनशील मुद्दे को उठाया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिव्या एक ऐसी कहानी ला रही हैं जिसके जरिए समाज को यह संदेश दिया जाएगा कि 'शादी लाइसेंस नहीं देती' है। उनकी आगामी वेब सीरीज का नाम 'चिरैया' है जिसका दमदार ट्रेलर और रिलीज तारीख जारी हो गई है। 'चिरैया' का ट्रेलर 1 मिनट 43 सेकंड लंबा है जिसकी शुरुआत एक आदर्श परिवार से होती है। दिव्या मुख्य किरदार में हैं, और संजय मिश्रा उनके पति की भूमिका निभा रहे हैं।

ट्रेलर के जरिए बताने की कोशिश की गई है कि शादी का मतलब यह नहीं होता कि पति को अपनी पत्नी की सहमति के खिलाफ जाकर उसके साथ जबरदस्ती करने का हक मिल जाएगा। सीरीज कई साल से चली आ रही समाज की मानसिकता पर सवाल उठाती है। शशांत शाह द्वारा निर्देशित 'चिरैया' का निर्माण एसवीएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है। दिव्या और संजय के अलावा, सिद्धार्थ शॉ, सरिता जोशी, फैसल राशिद, टीनू आनंद और प्रसन्ना बिष्ट जैसे सितारे सीरीज में अलग-अलग किरदारों के साथ दिखे हैं। सीरीज में कुल 6 एपिसोड हैं जिनका प्रीमियर 20 मार्च, 2026 से जियोहॉटस्टार पर किया जाएगा।

## हॉलीवुड मसाला



# खुद को फिट और फाइन रखते हैं

**लॉस एंजिल्स।** 'हैरी पॉटर' सीरीज के स्टार डेनियल रेडक्लिफ ने अपनी फिटनेस जर्नी और सेहत के प्रति जुनून के बारे में खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा भी था कि उनकी लाइफस्टाइल काफी खराब थी, लेकिन अब वह फिटनेस को लेकर बेहद गंभीर हैं। डेनियल रेडक्लिफ ने बताया कि कैसे उन्होंने बुरी आदतों को छोड़कर जिम और हेल्दी रूटीन को अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाया। डेनियल ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि टीन एज में वह 'पूरे दिन कॉफी और सिगरेट' पर चलते थे।




# 19 साल बाद भारत लौट रहीं पॉप स्टार शकीरा

**मुंबई।** करीब दो दशकों के बाद ग्लोबल पॉप स्टार शकीरा एक बार फिर भारत में लाइव परफॉर्म करेंगी। खास बात यह है कि इस बार शकीरा 10 अप्रैल को मुंबई में और 15 अप्रैल को दिल्ली में परफॉर्म करेंगी। यह पहली बार है कि शकीरा का भारत दौरा दो शहरों में आयोजित किया जा रहा है। दोनों ही शहरों में उनके भारी संख्या में फैंस हैं। माना जा रहा है कि ये कॉन्सर्ट्स पूरी तरह हाउसफुल रहेंगे। शकीरा की एनर्जी, डांस मूव्स और सुपरहिट गानों का जादू भारतीय दर्शकों के सिर चढ़कर बोलेगा। अगर शकीरा के भारत कनेक्शन की बात करें, तो उन्होंने आखिरी बार साल 2007 में मुंबई में परफॉर्म किया था। उस समय वह अपनी 'ओरल फिक्सेशन टूर' के तहत भारत आई थीं। अब लगभग 19 साल बाद फैंस को उनकी लाइव परफॉर्मेंस देखने के लिए मिलेगी।



# गांव की छोरी बनकर मचाएंगी धमाल

**मुंबई।** सुपरस्टार राम चरण की आगामी फिल्म 'पेड्डी' लंबे समय से लोगों का ध्यान खींच रही है। 2025 में आई 'गेम चेंजर' की निराशाजनक परफॉर्मेंस के बाद, राम की इस फिल्म से लोगों की उम्मीदें काफी ज्यादा हैं। बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित 'पेड्डी' में जाह्नवी कपूर बतौर मुख्य अभिनेत्री नजर आएंगी। चूकि 6 मार्च को अभिनेत्री 29 साल की हो गई हैं। इस खास मौके पर फिल्म से उनकी नई झलक जारी की गई है। आगामी 30 अप्रैल को रिलीज हो रही 'पेड्डी' में, जाह्नवी को 'अचियम्मा' के रूप में पेश किया गया है। पोस्टर में वह साहसी, आत्मविश्वासी और ऊर्जा से भरपूर दिखी हैं। सूती कपड़ों के साथ, गोल फ्रेम का चश्मा लगाए उनका लुक गांव की देहाती छोरी जैसा प्रतीत होता है।




# 'एस्पिरेंट्स सीजन-3' का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** द वायरल फीवर की बेहद लोकप्रिय ड्रामा सीरीज 'एस्पिरेंट्स' अपने तीसरे सीजन के साथ धमाका करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। 6 मार्च को निर्माताओं द्वारा इसका ट्रेलर जारी कर दिया गया है। इसके निर्देशन की कमान दीपेश सुमित्रा जगदीश ने संभाली है। 'एस्पिरेंट्स सीजन 3' का प्रीमियर अमेजन प्राइम वीडियो पर किया जाएगा। यह 13 मार्च से भारत समेत दुनियाभर के 240 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों में एक साथ दस्तक देगी। 'एस्पिरेंट्स सीजन 3' के ट्रेलर में कहानी को नए मोड़ पर पहुंचते हुए दिखाया गया है। सीरीज में नवीन कस्तूरिया, शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सनी हिंदुजा, नमिता दुबे और तेंगम सेलीन अपने पुराने किरदारों के साथ लौटे हैं। वहीं जतिन गोस्वामी को नए चेहरे के रूप में कहानी में शामिल किया गया है।

## टीवी मसाला



# 'सरप्राइज, सरप्राइज!' एक बार फिर लौट रहे हैं अमिताभ

**मुंबई।** देवियों और सज्जनों, मैं, अमिताभ बच्चन, आप सभी का एक बार फिर स्वागत करता हूँ" यह आवाज़ जल्द ही आपके घरों में गूंजेगी। देश के सबसे पॉपुलर और पसंदीदा क्विज़ रियलिटी शो, "कौन बनेगा करोड़पति" का 18वां सीज़न टेलीविज़न पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है। सोनी टीवी के शो का एक नया प्रोमो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें सदी के महानायक, अमिताभ बच्चन अपने पुराने अंदाज़ में शो की वापसी की घोषणा करते हुए दिख रहे हैं।

### चुलबुले अंदाज में प्रोमो की शुरूआत

प्रोमो की शुरुआत अमिताभ बच्चन के चुलबुले अंदाज़ से होती है। कैमरे के सामने आकर वह कहते हैं, "सरप्राइज़!" लाल वेलवेट कोट और काली पैंट पहने वह हमेशा की तरह डैपर लग रहे हैं। वीडियो में, बिग बी शीशे के सामने खड़े होकर अपनी बाहें फैलाते हुए कहते हैं, "सरप्राइज़!" हालांकि, बीच में वह एक छोटी सी गलती पर मुस्कुराते हुए कहते हैं, "सॉरी, मुझसे गड़बड़ हो गई," और फिर अपना वीडियो जारी रखते हुए केबीसी रजिस्ट्रेशन की घोषणा करते हैं।

### रजिस्ट्रेशन की तारीख का खुलासा

केबीसी के इस नए सीज़न का बेसब्री से इंतज़ार है। फैंस के लिए सबसे बड़ी खबर यह है रजिस्ट्रेशन की तारीख। वीडियो में साफ-साफ बताया गया है कि शो के सवाल और रजिस्ट्रेशन प्रोसेस 9 मार्च से शुरू होंगे। दर्शक सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव ऐप के जरिए हिस्सा ले सकते हैं।

### स्कैम से सावधान रहने की अपील


प्रोमो के आखिर में एक जरूरी डिस्क्लेमर भी दिया गया है, जिसमें कंटेस्टेंट को किसी भी स्कैम या लॉटरी स्कैम का शिकार न होने की चेतावनी दी गई है। चैनल ने साफ किया है कि 'कौन बनेगा करोड़पति' कभी किसी से कोई फीस या चार्ज नहीं मांगता है।

### फैंस एक्साइटेड हैं

अमिताभ बच्चन और केबीसी का पुराना रिश्ता है। पिछले सीजन के आखिर में जब बिग बी इमोशनल हो गए थे, तो उनकी वापसी को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन अब, इस ऑफिशियल प्रोमो ने उन सभी कयासों पर विराम लगा दिया है। फैंस अपने पसंदीदा होस्ट को फिर से हॉट सीट पर देखने के लिए बेताब हैं। सूत्रों के मुताबिक, नया सीजन जुलाई या अगस्त में आएगा।

# कार्तिक की नई हीरोइन प्रीति मुकुंदन कौन हैं 'नागजिला' से कर रहीं बॉलीवुड में एंट्री





**मुंबई।** अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी अगली रोमांचक फिल्म 'नागजिला' को लेकर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार चर्चा सिर्फ कार्तिक की नहीं, बल्कि उनके साथ नजर आने वाली अभिनेत्री प्रीति मुकुंदन की भी हो रही है। साउथ फिल्म इंडस्ट्री में काम करने के बाद प्रीति अब करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही इस फिल्म के जरिए अपना बॉलीवुड सफर शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, फिल्म के निर्माता प्रीति के चयन से बेहद खुश हैं। सूत्रों का कहना है कि प्रीति मुकुंदन इस भूमिका के लिए बिल्कुल फिट बैठती हैं। वो फिल्म में एक बड़े मजेदार और कॉमेडी से भरपूर किरदार में नजर आएंगी, जो कहानी को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। खुद प्रीति भी इस किरदार को लेकर काफी उत्साहित हैं, क्योंकि उन्हें दर्शकों के सामने अपना एक अलग अंदाज पेश करने का मौका मिल रहा है।

### कौन हैं प्रीति मुकुंदन?

*प्रीति एक अभिनेत्री, मॉडल और डांसर हैं, जो अब तक कई तेलुगू, तमिल और मलयालम भाषा की फिल्मों में काम कर चुकी हैं। प्रीति ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2024 में तेलुगू हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'ओम भीम बुश' से की थी। इसके बाद उन्होंने फिल्म 'स्टार' के जरिए तमिल सिनेमा में कदम रखा। उधर 'मैंने प्यार किया' उनकी पहली मलयालम फिल्म थी। प्रीति को विष्णु मांचू और अक्षय कुमार अभिनीत तेलुगू फिल्म 'कन्नप्पा' में भी देखा गया था।*

# टी-20 विश्व कप के समापन समारोह में आज प्रस्तुति देंगे रिकी मार्टिन, चलाएंगे सुरों का जादू

**अहमदाबाद।** टी-20 विश्व कप 2026 के समापन समारोह के लिए हर कोई उत्साहित है। यह शाम और ज्यादा रंगीन होगी, क्योंकि पॉप गायक रिकी मार्टिन अपनी लाइव प्रस्तुति से सभी का मन मोहने आएंगे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आधिकारिक पोस्ट साझा करते हुए यह खुशखबरी दी है। परफॉर्मेंस शाम 5:30 बजे से शुरू होंगी।'बता दें, क्रिकेट का यह फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के प्रतिष्ठित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आयोजित होगा। रविवार 8 मार्च को होने वाले इस मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम का सामना न्यूजीलैंड से होगा।

***आईसीसी ने सोशल मीडिया पर किया ऐलान***

: आईसीसी ने रिकी मार्टिन के आगमन की पुष्टि करते हुए लिखा, 'टी-20 विश्व कप का जश्न और भी बड़ा हो गया है! हमें यह ऐलान करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि वैश्विक आइकन और सुपरस्टार रिकी मार्टिन आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल से पहले समापन समारोह में मुख्य कलाकार होंगे। यह एक ऐसा उत्सव है जिसे आप बिल्कुल भी छोड़ना नहीं चाहेंगे!



### जानिए कौन हैं रिकी मार्टिन

दो बार ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिकी मार्टिन, लोकप्रिय प्यूर्टो रिकन गायक, गीतकार और एक अभिनेता भी हैं। उन्हें सबसे ज्यादा 'लिविन' ला विडा लोका' के लिए जाना जाता है जो 1999 का लोकप्रिय हिट पॉप गाना है। इसने रिकी को वैश्विक स्तर पर रातों-रात चमका दिया था। उनके अन्य लोकप्रिय गानों में 'द कप ऑफ लाइफ', 'मारिया' और 'शी बैंग्स' शामिल हैं। बतौर अभिनेता उन्हें 'द असासिनेशन ऑफ जियानी वर्साचे' और 'जनरल हॉस्पिटल' जैसी सीरीज में देखा गया है।

## बोलीं- अक्षय कुमार की 'चेली' बनकर रहूंगी

# 'भागम भाग 2' में मीनाक्षी चौधरी की एंट्री पक्की



***मुंबई।** साउथ फिल्मों की चर्चित अभिनेत्री मीनाक्षी चौधरी अब बॉलीवुड में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि वो अक्षय कुमार की सुपरहिट कॉमेडी फिल्म के सीक्वल 'भागम भाग 2' के जरिए हिंदी सिनेमा में अपनी शुरुआत करेंगी। मीनाक्षी ने इसे अपने करियर का एक बड़ा मोड़ बताते हुए कहा कि अक्षय जैसे सुपरस्टार के साथ काम करने का अवसर उन्हें बिल्कुल सही समय पर मिला है।*

### सही समय पर मिला सही मौका

वैराइटी इंडिया से बातचीत में कहा, मुझे ऐसा लगता है कि ये मौका तब आया, जब मैं बिल्कुल इसी तरह की किसी चीज की तलाश में थी। मैं ऐसी कहानियां ढूंढ रही थी, जिसे पूरा परिवार एक साथ बैठकर देख सके। मैंने बचपन में इस फिल्म का पहला भाग देखा था और मुझे वो बहुत पसंद आया था, इसलिए इस फिल्म का हिस्सा बनना ऐसा लगता है जैसे ये बिल्कुल सही समय पर मेरे पास आई है।

### मीनाक्षी ने क्यों चुनी ये फिल्म

मीनाक्षी ने आगे कहा, इससे पहले कई प्रोजेक्ट्स मेरे पास आए थे, उनकी कहानियों में मेरी उतनी दिलचस्पी नहीं थी, लेकिन जब 'भागम भाग 2' मेरे पास आई तो इसमें सिर्फ और सिर्फ हंसी और मनोरंजन का एहसास हुआ। मुझे लगता है कि आपकी उम्र चाहे जो भी हो या आप किसी भी भाषा के हों, इस फिल्म की कहानी और इसके किरदार आपसे जरूर जुड़ेंगे। आप चाहे किसी भी भाषा में इसे देखें, आप इसका भरपूर आनंद लेंगे।

### मैं तो सेट पर हाथ जोड़कर खड़ी रहूंगी

अक्षय की कॉमिक टाइमिंग के साथ तालमेल बैठाने के सवाल पर मीनाक्षी बोलीं, मैं सेट पर सबसे बड़ी छात्रा बनकर रहूंगी, जैसे गुरु के पास चेले होते हैं। वो जो कहेंगे, मैं वही सीखने और पालन करने की कोशिश करूंगी। मैं इस सेट पर वही बनने जा रही हूं और उनसे जितना हो सके, उतना सीखने की कोशिश करूंगी। आपको हर दिन किसी ऐसे व्यक्ति के साथ काम करने का मौका नहीं मिलता, जो अपने काम में इतना अद्भुत हो।

### अक्षय के साथ ये कलाकार भी आएंगे नजर

इस सीक्वल की कमान 'ड्रीम गर्ल' के निर्देशक राज शांडिल्य के हाथों में है, जिन्होंने फिल्म की कहानी भी लिखी है। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक रिलीज तारीख का खुलासा नहीं किया है। फिल्म में अक्षय के साथ कॉमेडी के बादशाह परेश रावल, मनोज बाजपेयी और अभिनेत्री आयशा खान भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। ये 2006 की सुपरहिट फिल्म 'भागम भाग' का आधिकारिक सीक्वल है, जिसका प्रशंसक सालों से इंतजार कर रहे थे।

## खबर संक्षेप

### रवि बने भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी



**कटेली।** प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वर्तमान में भाजपा नगर मीडिया प्रभारी रहे रवि तिवारी को सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले का नया जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। साथ ही सह मीडिया प्रभारी के रूप में ओमकार केशरवानी को भी बनाया गया है। प्रदेश के भाजपा पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की अनुशंसा पर यह नियुक्ति की गई। रवि तिवारी लंबे समय से संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं और विभिन्न कार्यक्रमों, अभियानों व जनसंपर्क गतिविधियों में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। जिला भाजपा पार्टी नेतृत्व ने उनके अनुभव, समर्पण और संवाद क्षमता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति के बाद रवि तिवारी ने शीर्ष नेतृत्व तथा जिला अध्यक्ष ज्योति पटेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की नीतियों और योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### आकाश को मिली अहम जिम्मेदारी

**सरसींवा।** क्षेत्र की युवा राजनीति में सक्रिय और जनसेवा के लिए पहचाने जाने वाले युवा कांग्रेस के जिलाउपाध्यक्ष आकाश पांडेय को एक महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। बिलाईगढ़ विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे की अनुशंसा पर उन्हें अनुविभाग बिलाईगढ़ के राजस्व विभाग का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे ने अपने अनुशंसा पत्र में उल्लेख किया है कि आकाश पांडेय एक सक्रिय समाजसेवी, जमीनी कार्यकर्ता तथा संगठन के प्रति समर्पित युवा नेता हैं। क्षेत्र के लोगों के बीच उनकी निरंतर सक्रियता और जनसमस्याओं को लेकर सजग भूमिका को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। ज्ञात हो कि आकाश पांडेय लंबे समय से कांग्रेस संगठन और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय हैं। वर्तमान में वे युवा कांग्रेस के जिलाउपाध्यक्ष के रूप में युवाओं को संगठित करने और जनहित के मुद्दों को उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनकी नियुक्ति को संगठन में युवा नेतृत्व को प्रोत्साहन देने के रूप में भी देखा जा रहा है।

### छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए बना रहे सशक्त

**राउरकेला।** राउरकेला स्थित ऋषिकेश राय डिग्री महाविद्यालय के महिला विकास प्रकोष्ठ द्वारा शनिवार को सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 7 मार्च को आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य महाविद्यालय की छात्राओं, महिला शिक्षकों एवं कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के मौखिक और शारीरिक उत्पीड़न से निपटने के लिए प्रशिक्षित करना है। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में कैप्टन राजलक्ष्मी दास ने प्रतिभागियों को आत्मरक्षा के विभिन्न व्यावहारिक तरीकों का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य बिरंची नारायण पाणिग्रही के उद्घाटन भाषण से हुई। अपने संबोधन में प्राचार्य ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय की आवश्यकता है कि बेटियों को हर प्रकार की हिंसा का सामना करने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार किया जाए।

### पीएम आवास निर्माण में गड़बड़ी, पंचायत सचिव निलंबित

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के कार्यों में लापरवाही बरतने के मामले में ग्राम पंचायत सचिव पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देश पर जनपद पंचायत खरसिया अंतर्गत ग्राम पंचायत नगोई के सचिव जीवन लाल राठिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। खरसिया जनपद सीईओ प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने में सचिव जीवन लाल राठिया द्वारा रुचि नहीं ली जा रही थी। साथ ही उच्च अधिकारियों के आदेश एवं निर्देशों की अवहेलना करते हुए अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरती जा रही थी।

### रणजीता स्टेडियम में 17 वाहनों की फिटनेस जांच

# स्कूली बसों पर सख्ती, यातायात पुलिस-आरटीओ ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

स्कूली बच्चों और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर जशपुर में यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए रविवार को विशेष जांच अभियान चलाया। शहर के रणजीता स्टेडियम परिसर में लगाए गए संयुक्त चेकिंग कैंप में स्कूली एवं कमर्शियल बसों की व्यापक जांच की गई। इस दौरान कुल 17 स्कूली वाहनों का निरीक्षण कर उनके दस्तावेज और सुरक्षा मानकों की गहन जांच की गई।

यह संयुक्त अभियान डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के दिशा-निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। अभियान का नेतृत्व डीएसपी यातायात के.आर. चौहान और जिला परिवहन अधिकारी विजय निकुंज ने किया। इस दौरान उप निरीक्षक प्रदीप कुमार मिश्रा सहित यातायात शाखा जशपुर और परिवहन विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही।



अभियान के तहत बसों के फिटनेस प्रमाण पत्र, बीमा (इंश्योरेंस), परमिट, ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। इसके साथ ही अधिकारियों ने वाहनों की तकनीकी स्थिति का भी परीक्षण किया। विशेष रूप से ब्रेक सिस्टम, इंडिकेटर, हेडलाइट, इमरजेंसी एग्जिट, फायर एक्सटिंग्विशर, फर्स्ट एड बॉक्स और अन्य सुरक्षा उपकरणों की स्थिति का निरीक्षण किया गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि स्कूली बच्चों और यात्रियों की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।जांच के दौरान अधिकारियों ने बस संचालकों और चालकों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि वे यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें, ओवरलोडिंग से बचें और वाहन चलाते समय सुरक्षा मानकों का पूरी तरह ध्यान रखें। जिन वाहनों में तकनीकी या दस्तावेज संबंधी कमियां पाई गईं, उन्हें तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी चेतावनी दी गई कि भविष्य में नियमों की अनदेखी करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जनता की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकताः सिंह


डीआईजी एवं एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने कहा कि स्कूली बच्चों और आम यात्रियों की सुरक्षा जशपुर पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी वाहन संचालक द्वारा सुरक्षा नियमों का उल्लंघन किया जाता है, तो उसके विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने यह भी बताया कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के संयुक्त जांच अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि परिवहन व्यवस्था को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाया जा सके।

## सड़क का काम तो हो गया चालू, पानी का छिड़काव नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

सरसीवां नगर से सरायपाली मुख्य मार्ग पर उड़ती हुई धूल के गुब्बारे लोगों की सेहत के लिए खतरा बन रहा है। जहां लोग उड़ते धूल से हलाकान से परेशान हो चले हैं। जिससे उड़ते गुब्बारे जैसे धूल से लोगों के सेहत पर गहरा असर पड़ रहा है लोगो को सांस लेने में परेशानी हो रही है।

सरसीवां से सरायपाली मुख्य मार्ग सड़क का काम संबंधित ठेकेदार ने काम तो चालू तो करा दिया है, लेकिन पानी का छिड़काव करना भूल जा रहे हैं। जिससे उड़ते धूल से सरसीवां से सरायपाली मुख्य मार्ग पर आने जाने वाले लोगों को धूल की वजह से खासी परेशानी का सामना कर अपने मंजिल तक पहुंचना हो रहा है। जबकि सरसीवां से सरायपाली सड़क मार्ग बनने का टेंडर हो गया है जहां टेंडर मिलने वाले ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य का काम चालू करवा दिया है। मुख्य मार्ग पर बीच-बीच में उबड़ खाबड़ गड्ढों पर बिछे डस्ट के उड़ते धूल से वाहन चालको व राहीगरो को सांस लेने में परेशानी हों रही है।



■ उड़ते धूल से दुकानदार व आवागमन करने वाले हैं परेशान

सड़क किनारे दुकानदार बड़ी वाहनों के चलने से उड़ते धूल के गुब्बारे की बजह से परेशान हैं। दुकानदार ठेकेदार से सड़क पर पानी का छिड़काव करने की मांग कर रहे हैं। मुड़पार बिलासपुर टाटा मनपसार हरदी घरजरा के लोगों ने उड़ते हुए धूल की वजह से सर्दी खासी व दमा जैसे हों की बात कही गई है। वहीं क्षेत्रीय व स्थानीय डाक्टरों के अनुसार बीते कुछ महीनों में श्वास संबंधी रोग, दमा, खांसी और आंखों में जलन की शिकायते में तेज़ी से वृद्धि हुई है।

## जेल से निकला बाहर, मंदिर के दानपेटी में कर दिया हाथ साफ

**रायगढ़।** मंदिर की दानपेटी से नकदी चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में एक आरोपी हाल ही में चोरी के मामले में जेल से जमानत पर रिहा हुआ था, जिसने बाहर आते ही अपने साथी के साथ मिलकर मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

मामले में प्रार्थी राजेन्द्र मेहता पिता स्व रमणिक लाल मेहता 64 निवासी सराफा लाइन वार्ड नं 11 खरसिया ने 6 मार्च को पुलिस चौकी खरसिया में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कॉन्वेंट स्कूल के बगल में स्थित सामाजिक श्वेतांबर जैन मंदिर में जब वह सुबह पूजा करने पहुंचे तो मंदिर के मुख्य दरवाजे में लगा ताला टूटा हुआ था तथा अंदर रखी दानपेटी का ताला भी टूटा मिला। दानपेटी में रखे लगभग 5 से 6 हजार अज्ञात चोर द्वारा पार कर दिया गया था। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 331;4ए 305ए भारतीय न्याय संहिताके तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। चौकी प्रभारी खरसिया निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटना की पतासाजी शुरू की। जांच के दौरान पूर्व में मंदिर



चोरी के मामलों में शामिल संदेही देव उर्फ देवा श्रीवास और उसके साथी मोनू चौहान को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने मंदिर की दानपेटी से रुपए चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी देव उर्फ देवा श्रीवास के मेमोरेंडम पर उसके कब्जे से 900 रुपये तथा घटना में प्रयुक्त एक छोटा लोहे का रॉड बरामद किया गयाए वहीं आरोपी मोनू चौहान के कब्जे से 900 रुपये जप्त किए गए। दोनों आरोपियों को उनके कृत्य पर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### राधे बने जिला कांग्रेस के महामंत्री

**कटेली।** जिला कांग्रेस कमेटी सारंगढ़ बिलाईगढ़ की प्रथम कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही संगठन में नई जिम्मेदारियों का वितरण किया गया है। इसी क्रम में सारंगढ़ क्षेत्र के सक्रिय एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राधे जायसवाल को जिला कांग्रेस कमेटी का जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। राधे जायसवाल को क्षेत्र की विधायक श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े का करीबी और विश्वासपात्र नेता माना जाता है। संगठन के प्रति उनकी सक्रियता निष्ठा और लंबे समय से पार्टी के लिए किए जा रहे कार्यों को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।



### ग्रामीणों को मिल रहा रोजगार के अवसर

## जशपुर होमस्टे के प्रति अन्य राज्यों के पर्यटक हो रहे आकर्षित

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जशपुर जिले में भी पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब देखने को मिल रहे हैं। जिले में संचालित होमस्टे में बाहरी क्षेत्रों से पर्यटक पहुंच रहे हैं और यहां की प्राकृतिक सुंदरता तथा स्थानीय संस्कृति का अनुभव कर रहे हैं।

जिला प्रशासन भी कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। इन प्रयासों के कारण जशपुर के गांवों में स्थित होमस्टे धीरे-धीरे पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनते जा रहे हैं। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार



और आय के नए अवसर भी मिल रहे हैं। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के रायपुर से आए दो पर्यटक केरे स्थित महुआ होमस्टे में ठहरे थे। पर्यटकों ने यहां के शांत वातावरण, प्राकृतिक सौंदर्य और गांव के सादगीपूर्ण जीवन का अनुभव किया। उन्होंने स्थानीय खान-पान और ग्रामीण आतिथ्य की भी सराहना की। वहीं मध्य प्रदेश के सीधी जिले से आए चार पर्यटक देवोबरा (मयाली) स्थित बनफूल होमस्टे में ठहरे। इन पर्यटकों ने भी क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और गांव के माहौल को बेहद पसंद किया। ग्रामीणों द्वारा की गई आत्मीय मेहमाननवाजी उनके लिए खास अनुभव रही। स्थानीय होमस्टे में पर्यटक कार्तिकेय सिंह, कुसुम, अरविन्द पटेल,निधि , रोशन साहू प्रीति साहू आदि अन्य पर्यटकों के ठहरने के लिए सुविधा दी जा रही है। जशपुर में ग्रामीण पर्यटन को नई पहचान मिल रही है और आने वाले समय में इसके और विस्तार की उम्मीद जताई जा रही है।

## डायलिसिस सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं ओडिशा के मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

जिला चिकित्सालय सारंगढ़ स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। डायलिसिस सेवा के विस्तार के बाद से अब तक कुल 679 सेशन सफलतापूर्वक पूरे किए जा चुके हैं। गुणवत्तापूर्ण उपचार और आधुनिक मशीनों की उपलब्धता के कारण यहाँ मरीजों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। जिला चिकित्सालय में मिल रही सुविधाओं से प्रभावित होकर ओडिशा के सीमावर्ती क्षेत्रों से भी मरीज नियमित रूप से यहाँ पहुँच रहे हैं।

डायलिसिस करा रहे ओडिशा के मरीज केदार साहू निवासी ग्राम बड़े बरगढ ओडिशा ने अपनी संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा। हमें पहले डायलिसिस के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, जिससे समय और पैसा दोनों अधिक खर्च होता था। सारंगढ़ जिला चिकित्सालय में सुविधाएं बहुत अच्छी हैं और यहाँ का स्टाफ बहुत सहयोगी है। अब हम बिना किसी परेशानी के यहाँ नियमित उपचार पा रहे हैं। जिला चिकित्सालय की इस उपलब्धि पर




खुशी जाहिर करते हुए सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल ने कहा। हमारा लक्ष्य जिले के प्रत्येक नागरिक को सुलभ और उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। डायलिसिस यूनिट की सफलता हमारी टीम की मेहनत का परिणाम है। मैं क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील करता हूँ कि वे गंभीर बीमारियों के उपचार हेतु निजी अस्पतालों के महंगे खर्च से बचें और शासकीय सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। जिला प्रशासन आपकी सेवा के लिए सदैव तत्पर है।

### शिक्षाविद हेमसुंदर की मनाई गई 111 वीं जयंती

**रायगढ़।** रायगढ़ पूर्वी अंचल के पुरोधा, युगपुरुष, शिक्षाविद साहित्यकार एवं कवि स्व. हेमसुंदर गुप्त की 111वीं जयंती मनाई गई। हेमसुंदर गुप्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महापल्ली के प्रांगण में उनके मूर्ति पर हेमसुंदर गुप्त के भतीजे दशरथ गुप्त, शेष चरण गुप्त, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टीकाराम प्रधान, माध्य विभाग के अध्यक्ष हरिवंधु सा प्राचार्या सुश्री जे सुजाता राव सहित शालेय स्टाफ ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। दशरथ गुप्ता और टीकाराम प्रधान ने दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर शालेय छात्रों को उनके द्वारा समाज को दी गई अवदानों की जानकारी दी गई। वहीं एसएमडीसी की बैठक में हेमसुंदर गुप्त एवं ग्रामीणों द्वारा बनाई गई ऐतिहासिक धरोहर शाला भवन के रख रखाव जीर्णोद्धार के लिए संकल्प लिया गया। आगामी दिवस भूत पूर्व छात्रों एवं शिक्षा प्रेमियों जन प्रतिनिधियों की बैठक आहूत कर जर्जर शाला भवन के संवर्धन की रूपरेखा तय किया जाएगा।

## सड़क निर्माण से ग्रामीणों को बड़ी राहत, आवागमन हुआ सुगम

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले में विकास कार्यों के तहत व्यापक अधोसंरचना निर्माण की मजबूत आधारशिला रखी जा रही है, जो आने वाले वर्षों में क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा और गति प्रदान करेगी।

**खास बात**

■ ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

लगातार मिल रही सड़क और पुल-पुलिया के निर्माण की स्वीकृति के साथ ही जमीन पर भी इनका क्रियान्वयन तेजी से हो रहा है। जिससे दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र भी मुख्य मार्गों और शहरों से जुड़ रहे हैं। इसी क्रम में फरसाबहार विकासखंड में मुख्य मार्ग टिकलीपरा से फोकटपारा तक लगभग 1 किलोमीटर लंबी



**लंबे समय से लंबित मांग हुई पूरी**

ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि कई वर्षों से पक्की सड़क की मांग की जा रही थी। मुख्यमंत्री द्वारा ग्रामीणों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए सड़क निर्माण को स्वीकृति दी गई और अब इसका कार्य पूर्ण होने से लोगों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

पक्की सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत लगभग 52 लाख रुपये की लागत से निर्मित यह सड़क बनने से ग्राम फोकटपारा के ग्रामीणों को अब कच्ची एवं ऊबड़-खाबड़ सड़क से हमेशा के लिए निजात मिल गई है। सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद फोकटपारा गांव अब सीधे मुख्य मार्ग से जुड़ गया है। इससे ग्रामीणों को फरसाबहार सहित अन्य बड़े कस्बों और शहरों तक पहुंचने में सुविधा हो रही है। किसानों को भी अपनी फसल मंडी तक ले जाने में समय और लागत दोनों की बचत होगी। व्यापार को भी इससे बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से यह मार्ग कच्चा था, जिससे खासकर बरसात के दिनों में कीचड़ और जलभराव के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित रहती थी । मरीजों को अस्पताल ले जाने में कठिनाई होती थी, स्कूली बच्चों को फिसलन भरे रास्ते से होकर गुजरना पड़ता था कई बार दोपहिया वाहन फिसलने और गिरने की घटनाएं भी सामने आती रहतीं थीं। यह सड़क बन जाने से इन सब कठिनाइयों से मुक्ति मिल गई है। अब गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार मरीजों को अस्पताल ले जाने में भी सहूलियत होगी।

## शनिदेव स्थापना महोत्सवः निकली कलश यात्रा

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर में भगवान शनिदेव का भव्य मंदिर के साथ उनकी स्थापना को अब तक 22 वर्ष हो चुके है इस स्थापना को श्रद्धालु जनों के सहयोग से मंदिर के संचालकों द्वारा प्रति वर्ष एक महोत्सव के रूप में मनाते रहे हैं।

जिसके लिए पुरी सिद्दत से जहां तैयारी की जाती है वहीं श्रद्धालुओं का लगाव भी दर्शनीय रहता है। होली के आसपास ही यह आयोजन होता रहा है और कभी कभी अपरिहार्य कारण वष समय को आगे पीछे किया जाता है इसी कड़ी में बीते शुक्रवार को स्थापना के महोत्सव को लेकर कलश यात्रा का आयोजन हुआ जिसमें नगर के मातृशक्तियां कलश लेकर अघ्र्य लाने बडे तालाब गए इनके आगे बाहर से लाए गए जात्रा पार्टी का जत्था रहा जो आकर्षण का केन्द्र बना जिसके फलस्वरूप लोग घर से निकल कर जहां मनोरंजन



किए वहीं मातृशक्तियों द्वारा कलशों को कई लोगों ने प्रमाण कर भगवान शनि देव को स्मरण किया। कलश स्थापना के बाद, मंदिर में पुजा पाठ के साथ आरती की गई और रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ज्ञात हो कि शनिदेव मंदिर से जुडे सभी कार्यक्रमों को संचालित करने के लिए एक समिति बनाई गई है जिसमें व्यवस्था अनुसार फेर बदल भी होता रहा है। जानकारी के मुताबिक वर्तमान इसके अध्यक्ष हरिहर साव एवं राजकुमार गुरूजी, उपाध्यक्ष बलराम सौरा व ध्वजाराम सौरा, सचिव सुभशचंद बारीक, कोशाध्यक्ष घनश्याम पटेल हैं वहीं प्रमुख सदस्यो के रूप में नगर के सभी पार्षदों को जोड़ा गया है और संरक्षक के रूप में अध्यक्ष मानी मोहित सतपथी एवं दधिबामन साव को मनोनित किया गया है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को प्रमुख पुरोहितों के वैदिक मंत्रोचार से महोत्सव संपन्न होगा जिसमें अन्न प्रसाद का वितरण सम्मिलित रहेगा।

## यूपीएससी में रौनक हुए सफल निवास पहुंच कलेक्टर ने दी बधाई

**खरसिया।** नगर होनहार युवा रौनक अग्रवाल ने संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा सीएससी के इंटरव्यू में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बड़ी सफलता हासिल कर नगर व समाज को गौरवान्वित किया है। रौनक की उक्त सफलता पर कलेक्टर डॉ गौरव सिंह, एसडीएम नंदकुमार चौबे, निगम आयुक्त विश्वदीप, सीईओ कुमार विश्वरंजन ने रौनक के निवास पहुँचकर बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गौरतलब है कि 23 फरवरी को आयोजित हुए इंटरव्यू में रौनक ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए। इंटरव्यू में 772 रैंक प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित की है।

रौनक अग्रवाल पूर्व पार्षद तरुण अग्रवाल और भाजपा नेत्री ललिता अग्रवाल के सुपुत्र हैं। रौनक की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा



का संचार किया है। उनकी यह सफलता साबित करती है कि छोटे शहरों से निकलकर भी कड़े परिश्रम और समर्पण से देश के सर्वोच्च पदों तक पहुँचा जा सकता है। रौनक की प्रारंभिक शिक्षा सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल खरसिया में, हायर सेकेंडरी स्तर तक की शिक्षा डीएवी स्कूल छाल, स्नातक स्तर तक की शिक्षा के तहत बीएससी फिजिक्स रामजस कॉलेज दिल्ली से और स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा के अंतर्गत एमएससी आईआईटी कानपुर से ग्रहण की है। यूपीएससी की तैयारी इन्होंने स्वयं के दम पर करते हुए यह शानदार सफलता प्राप्त की है।

